Name of publication: Rajasthan Patrika

Date: October 3, 2019

प्लास्टिक के बताए नुकसान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

अलवर. गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एस एम सहगल फाउंडेशन की ओर से इन्द्रगढ़, अकबरपुर, बीजवाड़ नरुका पृथ्वीपुरा, केसरपुर गांवों और रामगढ ब्लॉक के धनेटा, मिलकपुर, अलावडा, खोहड़ा, करमाली, गढ़ी,सम्मनपुर आदि गांवों के स्कूली बच्चों व अध्यापकों ने नेहरु युवा केंद्र के साथ मिलकर नो टू सिंगल यूज प्लास्टिक यात्रा निकाली।

इस यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों, अध्यापकों और ग्रामीणों ने पूरे गांवों में घूमकर लोगों को साफ-सफाई और प्लास्टिक इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया साथ ही गांवों में गलियों और सड़कों को साफ करने का सन्देश दिया।

इस यात्रा के दौरान बच्चों में अलग ही जोश देखने को मिला। उन्होंने पूरे गाँव का भ्रमण किया और लोगों को कूड़ा सही स्थान पर डालने के लिए प्रेरित किया व स्वछता सम्बन्धी नारे लगाए।

Awareness creation by students on plastic hazards in villages

To mark Gandhi Jayanti, students in villages Indragrah, Akbarpur, Beejwad naruka, Prithvipura, Kesarpur and Ghaneta, Milakpur, Alawda, Khohra, Karmali Gadi, Sammanpur got together to create awareness on plastic hazards, especially single-use plastic. They carried out an awareness drive facilitated by Sehgal Foundation in collaboration with Nehru Yuva Kendras.

The school students also cleaned the roads and streets and gave the message of cleanliness for everyone.